आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 24.08.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के थराली क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे बचाव एवं राहत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ दुनिया को मंदी से उबारने की स्थिति में है।
- चमोली के सारकोट की तर्ज पर अब पौड़ी जिले के दुगड्डा ब्लॉक का मुरान्यू गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा।
- प्रदेश में एक लाख युवाओं को स्काउट्स एंड गाइड्स से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के थराली क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे बचाव एवं राहत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने राहत कैंप कुलसारी में आपदा प्रभावितों से भेंट की और व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं बचाव दलों को पूरी क्षमता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने थराली आपदा में क्षतिग्रस्त हुए भवनों के स्वामियों और आपदा में मृतक आश्रितों को तत्काल पांच–पांच लाख रुपए देने के भी निर्देश दिये हैं। बताया गया कि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कुलसारी में कुल 12 आपदा प्रभावित लोग रुके हुए हैं, जबकि प्राथमिक विद्यालय चेपड़ो में 36 और प्राथमिक विद्यालय अपर बाजार थराली में 20 लोगों को सुरक्षित ठहराया गया है। सभी प्रभावितों के रहने और खाने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर दुनिया को मंदी से उबारने की स्थिति में है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वस्तु और सेवाकर – जी. एस. टी. के नेक्स्ट जनरेशन के सुधार की प्रक्रिया दीपावली से पहले पूरी हो जाएगी। इससे देश में सभी वस्तुओं के मूल्यों में कमी होगी। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से स्वच्छ ऊर्जा, क्वांटम प्रौद्योगिकी, बैटरी भंडारण, उन्नत सामग्री और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेक्स्ट जेनरेशन सुधारों से व्यापार क्रियान्वयन में सुगमता होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का आधार एक आत्मनिर्भर भारत है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने अपना पूरा फाइव–जी प्रक्रिया घरेलू स्तर पर विकसित कर ली है और देश तेज़ी से मेड–इन–इंडिया सिक्स–जी तकनीक पर काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति

चम्पावत जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लोहाघाट के सभागार में उप जिलाधिकारी नीतू डांगर की अध्यक्षता में विकासखंड लोहाघाट, पाटी व बाराकोट की समितियां की संयुक्त रूप से समीक्षा की गई। बैठक में सरकारी विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा भोजन में फोर्टीफाइड चावल, दाल, सब्जी पर जानकारी ली।

आदर्श ग्राम

चमोली के सारकोट की तर्ज पर अब पौड़ी जिले के दुगड्डा ब्लॉक का मुरान्यू गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवन्त ने ग्रामवासियों व अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि धरातल पर नज़र आने चाहिए। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबसे पहले बेसलाइन सर्वे किया जाए, ताकि ग्रामवासियों की वास्तविक जरूरतें और प्राथमिकताएं चिन्हित हो सकें। उन्होंने बीडीओ को विभागीय समन्वय के साथ क्लस्टर आधारित व एकीकृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि गांव में कॉमन वर्क शेड और मशरूम यूनिट स्थापित की जाएगी तथा समूहों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही गांव के पंचायती भवन पर बड़े सोलर पैनल लगाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि मुरान्यू गांव भी चमोली के सारकोट की तरह ग्रामीण विकास की नई मिसाल बनेगा।

स्काउट–गाइड पंजीकरण अभियान

प्रदेश में एक लाख युवाओं को स्काउट्स एंड गाइड्स से जोड़ा जाएगा। इसके लिए प्रदेशभर के विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तराखंड के प्रादेशिक अध्यक्ष एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नई दिल्ली में आयोजित 15वीं एशिया पैसिफिक रीजन कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में लगभग 50 हजार स्काउट–गाइड हैं, जिनकी संख्या बढ़ाकर एक लाख की जाएगी। इसके लिए विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, संस्कृत विद्यालयों और मदरसों में भी पंजीकरण होगा।

डॉक्टर रावत ने कहा कि युवाओं को स्काउट्स–गाइड्स से जोड़कर उनमें अनुशासन, साहस और नैतिक मूल्यों का विकास किया जाएगा। इन्हें पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, रक्तदान, सड़क सुरक्षा, नए मतदाता और साक्षरता अभियान जैसी गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा।

गौरतलब है कि नई दिल्ली में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में 23 देशों के 199 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें बालिकाओं के समग्र विकास और भविष्य की योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। डॉ. धन सिंह रावत ने अगली 16वीं एशिया पैसिफिक रीजन कॉन्फ्रेंस उत्तराखंड में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी प्रतिभागियों ने सहमति दी।

## देहरादून अतिक्रमण

देहरादून में प्रशासन की टीम ने शहर में सड़क पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश सड़क पर किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने पैदल मार्ग, सहस्त्रधारा रोड ,परेड ग्राउंड सुभाष रोड के आदि स्थानों पर सड़कों पर वहां लगाकर तथा अन्य तरीकों से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में सार्वजनिक मार्ग पर किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को नियमित रूप से निरीक्षण करने और शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान

बागेश्वर जिले में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सिलाई, ब्यूटीशियन, मोमबत्ती और धूपबत्ती निर्माण जैसे प्रशिक्षणों के जरिए संस्थान महिलाओं को स्वरोजगार की राह दिखा रहा है। आरसेटी बागेश्वर में 26 महिलाएं सिलाई का प्रशिक्षण ले रही हैं। सरकार भी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

संस्थान के निदेशक दिनेश चंद्र ने बताया कि आरसेटी का उद्देश्य महिलाओं को केवल प्रशिक्षण देना ही नहीं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है।

मास्टर ट्रेनर तारा ने बताया कि महिलाओं को केवल तकनीकी जानकारी ही नहीं दे रहा, बल्कि डिजाइनर परिधान बनाने की विशेष कला भी सिखा रहा है।